# मेरा जोश हमेशा हाई रहता है : यामी गौतम



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर गोवा के मुख्यमंत्री मनोहर पर्रिकर और रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण तक – सभी बॉलीवुड फिल्म उरी : द सर्जिकल स्ट्राइक की पंचलाइन हाउ इज द जोश? का इस्तेमाल कर रहे हैं। इस फिल्म की मुख्य अभिनेत्री यामी गौतम का कहना है कि उनका जोश हमेशा हाई रहता है।

लैक्मे फैशन वीक समर/रिजॉर्ट 2019 में गौरी और नैनिका के लिए रैंप वॉक करने के बाद यामी ने कहा, मेरा जोश हमेशा हाई रहता है। यही मुझे आगे रखता है। फिल्म विक्की डोनर में नजर आई अभिनेत्री अपने जरूरत से ज्यादा बड़े गाउन के कारण कई बार रैंप पर फिसलीं, लेकिन उन्होंने अपना आत्मविश्वास कम नहीं होने दिया।

यह पूछने पर कि यह आत्मविश्वास कहां से आता है, उन्होंने कहा, यह इस तथ्य से आता है कि आप जानते हैं कि यह किसी के साथ भी हो सकता है। मैं पहली नहीं हूं। यहां तक की आपने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कहीं भी देखा होगा, ये चीजें होती रहती हैं। पूरी बात यह है कि चाहे जीवन हो या रैंप, शो चलते रहना चाहिए।

लैक्मे फैशन वीक में प्रशंसकों के एक समूह ने यामी को घेर लिया और चिल्ला कर कहा, हाउ इज द जोश? हाई सर। प्रशंसकों की भीड़ देख यामी काफी खुशी महसूस कर रही थीं। उन्होंने कहा, हम बहुत खुश हैं। मैं फिल्म से संबंधित हर किसी की ओर से कहती हूं कि हमें जो प्यार मिल रहा है, उसके लिए हम बहुत आभारी हैं। एक फिल्म की बॉक्स-ऑफिस सफलता कलाकार के लिए हमेशा संतोषजनक होती है।

उन्होंने कहा, लेकिन, एक व्यक्ति के रूप में संतुष्टि तब मिलती है जब लोग व्यक्तिगत रूप से आपके पास पहुंचते हैं। चाहें छह साल के बच्चे हों या 90 साल के बुजुर्ग और वे व्यक्तिगत रूप से फिल्म से जुड़ाव महसूस करते हैं। फिल्म से जुड़ाव को लेकर जिस तरह की वीडियो और संदेश हमें मिल रहे हैं, वो शानदार हैं और पूरा देश जोश महसूस कर रहा है। मैं उरी.. को कभी नहीं भूलूंगी।

आदित्य धर निर्देशित फिल्म में विक्की कौशल भी प्रमुख भूमिका में हैं। यह फिल्म जम्मू एवं कश्मीर में वर्ष 2016 में उरी में हुए आतंकवादी हमले पर आधारित है, जिसके बाद पाकिस्तानी कब्जे वाले इलाके के आतंकी ठिकानों पर सर्जिकल स्ट्राइक की गई थी। इस फिल्म से देश के राजनीतिज्ञ भी जोश महसूस कर रहे हैं, जो टीम की खुशी की बड़ी वजह है। यामी ने कहा, जब प्रधानमंत्री से लेकर रक्षा मंत्री, उप राष्ट्रपति और मनोहर पर्रिकरजी जोश महसूस कर रहे हैं, तो यह अनुभव सपने जैसा है।

कई लोग फिल्म की सराहना कर रहे हैं, तमाम सैन्य जनरल भी। अगली फिल्म के बारे मे उन्होंने कहा, आपको जल्द पता चलेगा। नई फिल्म की घोषणा करने का अधिकार निर्माता का होता है।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

# जब तक आरोप साबित नहीं होता सम्मान बना रहना चाहिए: तमन्ना



मीटू अभियान के तहत जबसे बॉलिवुड के सबसे बड़े निर्देशक राजकुमार हिरानी का नाम सामने आया है, बॉलिवुड में लोग इस मामले में बात करने से कतरा रहे हैं। फिल्म बाहुबली की अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने राजकुमार हिरानी मामले में कहा कि यौन शोषण से जुड़े मामलों में जब तक कोई आरोप किसी पर साबित नहीं हो जाता हमें सम्मान बरकरार रखना चाहिए। यह समस्या सिर्फ बॉलिवुड या साउथ फिल्म इंडस्ट्री की नहीं है, बल्कि पूरी दुनिया की है।

तमन्ना कहती हैं, सबसे पहले तो मैं आपको बता दूं कि मैं निजी तौर पर ऐसा महसूस करती हूं कि मीटू सिर्फ बॉलिवुड या साउथ फिल्म इंडस्ट्री की समस्या नहीं है। यह दुनिया भर की समस्या है। फिल्म पर्सनैलिटी, ऐक्टर और डायरेक्टर को लेकर मीटू के बारे में इतना पिन पॉइंट इसलिए किया जाता है, क्योंकि लोग उन्हें जानते हैं। मेरा मानना है कि इस मीटू अभियान को सम्मान के साथ आगे बढ़ाया जाए।

तमन्ना आगे कहती हैं, कोई भी इस महत्वपूर्ण अभियान को अपने पब्लिसिटी के लिए इस्तेमाल न करें। अगर किसी ने भी इसे अपने पी आर के लिए यूज किया तो इसकी ग्रैविटी कम हो जाएगी। लोगों को इस मामले में सभी का सम्मान बरकरार रखना होगा। जब तक किसी पर कोई आरोप प्रूव नहीं हो जाता, रिस्पेक्ट तो मेंटेन किया जा सकता है। साथ ही लोगों के बीच जागरूकता होनी चाहिए। लोगों को इस बात का डर होना चाहिए कि वह अगर किसी भी तरह की कोई गलत हरकत या बातचीत करेंगे तो उसे सहा नहीं जाएगा।

तमन्ना इन दिनों अपनी अगली फिल्म खामोशी पर काम कर रही हैं। वासु भगनानी के प्रॉडक्शन में बनने वाली इस फिल्म में तमन्ना के अलावा प्रभु देवा और भूमिका चावला भी होंगे। यह एक तमिल में बनी सुपरनैचरल हॉरर फिल्म का रीमेक फिल्म होगी। इस फिल्म में तमन्ना एक ऐसी दिव्यांग लड़की की भूमिका में होंगी, जो न कुछ सुन सकती है और न ही कुछ बोलने में सक्षम है।



# बॉलिवुड से डेब्यू करेंगी भोजपुरी ऐक्टर रवि किशन की बेटी रीवा

बॉलिवुड में लगातार नए सितारों का आना और उनके बीच बेहतर से बेहतर करने की लगन आजकल साफ देखने को मिल रही है। पहले दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी की बेटी जाह्नवी कपूर ने फिल्म धड़क से अपनी जगह बनाई। इसके बाद ऐक्टर सैफ अली खान की बेटी सारा अली खान ने फिल्म केदारनाथ में जबरदस्त ऐक्टिंग करके लोगों को अपना दीवाना बना लिया। अब बारी है भोजपुरी सिनेमा के सुपर स्टार कहे जाने वाले ऐक्टर रवि किशन की बेटी रीवा की। वह भी जल्दी ही बॉलिवुड से डेब्यू करने जा रही हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रीवा की इस डेब्यू फिल्म सब कुशल मंगल का निर्देशन करण कश्यप करेंगे। इसकी प्रड्यूसर होंगी नितिन मनमोहन की बेटी प्राची। बता दें कि यह वही प्रड्यूसर हैं, जिन्होंने रवि किशन को बॉलिवुड में पहचान दिलाई थी। इनकी ही फिल्म आर्मी थी, जिसने रवि किशन को बॉलिवुड में भी स्थापित किया था। वहीं रीवा के बारे में बात करें तो उन्होंने नसीरूद्दीन शाह के प्ले ग्रुप से अभिनय सीखा है। इसके अलावा उन्होंने अमेरिका के एक्टिंग कॉर्प संस्थान से भी ऐक्टिंग के गुर सीखे हैं। बता दें कि इस फिल्म से ऐक्ट्रेस पद्मिनी कोल्हापुरे और फिल्ममेकर प्रदीप शर्मा के बेटे प्रियांक शर्मा भी फिल्मों में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। इस संबंध में पद्मिनी कोल्हापुरे ने याद करते हुए बताया कि जब प्रियांक स्कूल में थे, तो उनका इंट्रेस्ट ड्रामा जैसी चीजों में था। उनके टीचर हमेशा उनकी तारीफ करते थे। उन्होंने बताया कि प्रियांक को फिल्मों का काफी शौक है और न्यू यॉर्क के ली स्ट्रैसबर्ग इंस्टिट्यूट से उन्होंने एक साल का ऐक्टिंग कोर्स भी किया है।

वहीं, प्रड्यूसर प्राची ने बताया, इस फिल्म में रीवा और प्रियांक शर्मा के अलावा अक्षय खन्ना भी नजर आएंगे। उन्होंने बताया कि फिल्म की कहानी झारखंड की पृष्ठभूमि पर है जहां टीम 45 दिनों तक शूट करेगी। शूट फरवरी के आखिर में शुरू होगा।